हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 15 जनवरी 2025, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेना दिवस पर देश के साहसी सैनिकों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं दी हैं।श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सरकार विभिन्न सुधारों और आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित करके सशस्त्र बलों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। श्री मोदी ने कहा कि भारतीय सेना दृढ़ संकल्प और समर्पण का प्रतीक है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भी सेना दिवस पर शुभकामनाएं दी हैं।सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्र की संप्रभुता की रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सेना की अटूट प्रतिबद्धता पूरे देश के लिए प्रेरणा है।

****

प्रयागराज में दिव्य महाकुंभ का पावन स्नान पूरी आस्था और उल्लास के साथ जारी है। कल मकर संक्रांति के अमृत स्नान के अवसर पर सा तीन करोड़ से अधिक लोगों ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। हमारे संवाददाता ने बताया कि श्रद्धालुओं का लगातार प्रयागराज पहुंचना जारी है। भक्ति भाव से ओत प्रोत श्रद्धालु स्नान के बाद साधु संतों का आशीर्वाद ले रहे हैं।

****

केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड का उदघाटन किया।श्री गोयल ने कहा कि बोर्ड, हल्दी किसानों के कल्याण, हल्दी की बेहतर किस्मों के विकास और निर्यात को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करेगा। उन्होंने कहा कि देश के 20 राज्यों में हल्दी का उत्पादन होता हैं और विश्व की लगभग 70 प्रतिशत हल्दी की पैदावार भारत में होती है।

****
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के स्थापना की सराहना करते हुए कहा कि बोर्ड हल्दी उत्पादन में नवाचार, वैश्विक संवर्धन और मूल्यवर्धन के बेहतर अवसर सुनिश्चित करेगा। श्री मोदी ने कहा कि इससे आपूर्ति श्रृंखला मजबूत होगी और किसानों तथा उपभोक्ताओं, दोनों को लाभ होगा।

****
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज रोहतक के श्री राम पार्क में महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित श्रीराम शर्मा जी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण करेंगे। समारोह की अध्यक्षता हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा करेंगे।मुख्यमंत्री प्रतिमा अनावरण उपरांत जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

****
भारतीय सेना के जवान हरविंदर सिंह का कल रोहतक जिले में उनके पैतृक गांव भालौट में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। सेना की टुकड़ी ने उन्हें सलामी दी।सेना के हवलदार हरविंदर सिंह की शनिवार को असम में ड्यूटी के दौरान गोली लगने से जान चली गई थी। वह 21 जाट बटालियन में तैनात थे।उनकी अंतिम यात्रा में सेना के जवान, अधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल हुए। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सतीश नांदल सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी शहीद को श्रद्धांजलि दी।

****
महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि पानीपत के काला अंब परिसर में महाराज शिवाजी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। वो कल काला अंब शौर्य दिवस के उपलक्ष्य पर शौर्य स्मारक समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष इस कार्यक्रम को हरियाणा सरकार और महाराष्ट्र सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा।उन्होंने कहा कि पानीपत की भूमि वीरों से मराठों को एकता में रहने का सूत्र मिला। मराठों ने वीरता दिखाते हुए मंदिरों,आस्था

स्थलों,पूजा स्थलों को तोड़ने वाले आक्रांताओं को सबक सिखाया। केंद्रीय आयुष, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री प्रताप राव जाधव ने भी कार्यक्रम में शिरकत की।

****

हरियाणा के विदेश सहयोग मंत्री राव नरबीर सिंह ने अभिभावकों से कहा है कि बच्चों को गैर कानूनी तौर तरीके अपना कर गलत □ग से विदेश भेजने वाले लोगों से सावधान रहें। उन्होंने कहा कि कबूतरबाजी करने वाले लोगों पर सरकार की पैनी नजर है।मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने युवसों को धोखाधड़ी से बचाने के लिए अलग से विदेश सहयोग विभाग का गठन किया है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राज्य अमीरात व अन्य अरब देशों में चालक व भवन निर्माण से जुड़े कारीगरों और श्रमिकों की खासी मांग है। इसलिए सरकार ने विदेशी भाषा सीखने और उससे संबंधित एजेंसी से प्रमाणित करवाने का प्रबंध किया है जिसका खर्च सरकार वहन करेगी।